● सीखो, बनाओ और उपयोग करो :

७. कागज की थैली

– राजश्री अभय

सामग्री– पुराना समाचार पत्र, कैंची, गोंद, स्केल, पेन्सिल

विधि – १. सर्वप्रथम पुराने समाचारपत्र का एक पन्ना लो ।

२. उसके लंबाईवाले भाग की ओर से उसे दो इंच में मोड़ो ।

३. उसी पन्ने को चौड़ाईवाले भाग की ओर से एक इंच मोड़ो ।

४. तैयार पन्ने को दो बराबर भागों में मोड़कर विभाजित करो ।

५. विभाजित पन्नों को फिर चार भागों में पुनर्विभाजित करो ।

६. अब आखरी दोनों ओर के भागों से एक इंच दाएँ और एक इंच बाँए रेखा खींचो तथा उसे विपरीत दिशा में मोड़ो ।

७. अब नीचे से मोड़कर उसे चिपकाओ तथा उसे लेस, मोती, रंगीन काँच से सजाओ । स्केच पेन से उसपर अपनी पसंद के अनुसार चित्र बनाकर रँगो ।

८. अंत में दोनों ओर डोरी डालकर आकर्षक बनाओ ।



❑ विद्यार्थियों से कृति पढ़वाएँ और चर्चा कराएँ । उनसे कृति करवाएँ । इसी प्रकार की अन्य कोई उपयोगी वस्तुएँ बनाने और उसकी विधि लिखने के लिए कहें । उन्हें दैनिक व्यवहार में कागज की थैली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें ।